


## जैकलीन फर्नांडिस की मां को पड़ा हार्ट अटैक, हॉस्पिटल में कराई गईं भर्ती

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस की मां को हार्ट अटैक पड़ा है। इसके बाद उन्हें तुरंत हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जैकलीन के पैरेंट्स बहरीन में रहते हैं। जैकलीन अभी भी अपने काम के चलते मुंबई में हैं। जैकलीन अपनी बीमार मां को देखने जा पाएंगी या नहीं, पक्का नहीं कहा जा सकता है क्योंकि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उनके देश छोड़कर जाने पर रोक लगा रखी है। इससे पहले दिसंबर में जैकलीन फैमिली के साथ क्रिसमस मनाने के लिए जाना चाहती थीं लेकिन ईडी ने उन्हें इसकी इजाजत नहीं दी थी। ईडी की जांच में 200 करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी सुकेश चंद्रशेखर के साथ जैकलीन के संबंध सामने आए हैं। इसके बाद जैकलीन से ईडी के अधिकारियों ने पूछताछ भी की थी। बता दें कि इससे पहले जैकलीन ने कोरोना महामारी के बीच फैमिली से दूर होने पर हमारे सहयोगी ईटाइम्स से कहा था, श्री लंका के मेरे दोस्त और बहरीन में रहने वाले मेरे पैरेंट्स भारत में कोरोना की स्थिति को देखकर मेरे लिए परेशान हैं। मेरे पैरेंट्स चाहते हैं कि मैं उनके साथ बहरीन में रहूं। यहां तक कि श्री लंका में रहने वाले मेरे अंकल और कजन भी चाहते हैं कि मैं उनके पास श्री लंका आकर रहूं।

## द कपिल शर्मा शो फेम सुमोना चक्रवर्ती कोरोना पॉजिटिव

देश में एक बार फिर से कोराना वायरस की लहर आ गई है और लगातार मामले बढ़ रहे हैं। बॉलिवुड और टीवी इंडस्ट्री में भी कोरोना के केस आ रहे हैं। अब ऐक्ट्रेस सुमोना चक्रवर्ती कोरोना पॉजिटिव हो गई हैं। श्द कपिल शर्मा शोश की ऐक्ट्रेस सुमोना चक्रवर्ती ने सोशल मीडिया के जरिए कोरोना पॉजिटिव होने की जानकारी दी है। सुमोना चक्रवर्ती ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी से एक पोस्ट शेयर किया है। सुमोना चक्रवर्ती ने लिखा है, मेरा कोविड–19 टेस्ट पॉजिटिव आया है और हल्के लक्षण हैं। पिछले सप्ताह में मेरे संपर्क में आने वाले सभी लोगों से रिक्वेस्ट है कि अपना टेस्ट करवा लें। धन्यवाद। सुमोना चक्रवर्ती से पहले टीवी इंडस्ट्री में डेलनाज ईरानी, एकता कपूर, दृष्टि धामी, मृणाल ठाकुर और नोरा फतेही कोरोना पॉजिटिव हो गई थीं। वहीं, नकुल मेहता और उनकी वाइफ जानकी के साथ उनका 11 महीने का बेटा सूफी कोरोना पॉजिटिव हो गया था। उधर, हाल ही में ऐक्टर अर्जुन बिजलानी कोरोना के ओमिक्रॉन वैरियंट से संक्रमित हो गए थे।

## एयरपोर्ट पर दिखी श्वेता तिवारी के बेटे की मस्ती



श्वेता तिवारी के बेटे की मस्ती एयरपोर्ट पर नजर आई। श्वेता तिवारी बेटे रेयांश के साथ मुंबई एयरपोर्ट पहुंचीं, जहां पैपराजियों के साथ उसकी मस्ती कैमरे में भी कैप्चर हो गई। वीडियो में श्वेता तिवारी अपने बेटे से पैपराजियों को हैप्पी न्यू ईयर बोलने को कह रही हैं और इसके बाद जो उसने किया उसे देखकर सभी हंस पड़े। इस वीडियो में श्वेता बेटे को गोद लेकर नीचे उतारती हैं और उसे सामने खड़े पैपराजियों से न्यू ईयर विश करने को कहती हैं। वह मां के कहने पर ऐसा करता भी है और तेजी से उन फोटोग्राफर्स के सामने–सामने दौड़ने लगता है। पैपराजियों ने मां–बेटे की ये झलकियां कैमरे में कैप्चर कर लीं। बता दें कि रेयांश श्वेता तिवारी और अभिनव कोहली का बेटा है। अभिनव से पहले उनकी शादी राजा चौधरी से हुई थी, जिनसे उन्हें एक बेटी पलक है। पहली शादी में आई दरार के बाद उन्होंने दूसरी शादी अभिनव से की, लेकिन इस रिश्ते में भी पिछले काफी समय से उठापटक चल रहा है। श्वेता अपने दोनों बच्चों को लेकर अलग रहती हैं। पिछले साल लॉकडाउन के दौरान अभिनव ने श्वेता के साथ अपने रिश्ते की उठापटक को खुलकर सोशल मीडिया पर बयां किया था।

# तलाक से पहले दिल दे बैठे थे फरहान अख्तर

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*फरहान अख्तर और शिबानी दांडेकर चर्चा में हैं। खबर है कि दोनों इसी महीने शादी कर सकते हैं। यही नहीं, यह भी दावा किया जा रहा है कि शादी की सेरेमनी के लिए मुंबई में एक फाइव स्टार होटल बुक कर लिया गया है। शिबानी और फरहान सब्यसाची के डिजाइनर आउटफिट्स पहनेंगे, इसकी भी बात हो रही है। पत्नी अधुना भबानी से शादी के 16 साल बाद फरहान ने 2016 में तलाक लिया। जबकि 2018 से फरहान और शिबानी एक–दूसरे को डेट कर रहे हैं। जाहिर तौर पर वीजे, सिंगर, ऐक्ट्रेस और मॉडल शिबानी को लेकर सोशल मीडिया पर अचानक दिलचस्पी बढ़ गई है। शिबानी पुणे महाराष्ट्र की रहने वाली हैं। वह 2018 में ही अपनी टॉपलेस फोटो पोस्ट करने को लेकर सुर्खियों में आ गई थीं।*

**फोटो के कारण खूब हुई ट्रोलिंग**

शिबानी दांडेकर का जन्म एक मराठी परिवार में हुआ है। उनकी दो बहनें हैं अनुषा दांडेकर और अपेक्षा दांडेकर। अनुषा भी ऐक्ट्रेस और सिंगर हैं। वह करण कुंद्रा के साथ रिलेशनशिप और फिर ब्रेकअप के कारण खूब चर्चा में रही हैं। 2018 में जब शिबानी ने अपनी ये टॉपलेस फोटो शेयर की तो जमकर ट्रोल हुईं। हालांकि, ऐक्ट्रेस ने तब ट्रोलिंग को इग्नोर करना ही बेहतर समझा।

**ऑस्ट्रेलिया-अफ्रीका में बीता बचपन**

शिबानी दांडेकर का जन्म 27 अगस्त 1980 को पुणे में जरूर हुआ है, लेकिन उनका बचपन ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका में बीता है। साल 2011 में शिबानी न्यूयॉर्क में बस गईं। वहां उन्होंने अमेरिकी टीवी के लिए काम करना शुरू किया।



**फिल्मों में भी आ चुकी हैं नजर**

फिल्मी पर्दे पर भी शिबानी नजर आई हैं। वह 2015 में रॉय और शानदार, 2016 में सलमान खान की सुल्तान, 2017 में नाम शबाना और नूर, 2018 में भावेश जोशी में नजर आ चुकी हैं।

**अंकिता को कहा था बुरा भला**

शिबानी दांडेकर एक बार फिर चर्चा में तब आईं, जब उन्होंने रिया चक्रवर्ती को सपोर्ट करते हुए अंकिता लोखंडे के लिए सोशल मीडिया पर बुरा–भला लिखा था।

**ट्रोल हुईं तो सेलेब्स ने किया सपोर्ट**

शिबानी ने तब लिखा था कि अंकिता लोखंडे दो मिनट के फेम के लिए रिया के बारे में कुछ भी अनाप–शनाप कह रही हैं। तब सोशल मीडिया पर उन्हें खूब ट्रोल किया गया था। हालांकि, बहुत से सिलेब्रिटीज ने बाद में शिबानी को सपोर्ट भी किया।

**फरहान से वो पहली मुलाकात**

फरहान अख्तर की जिंदगी में शिबानी दांडेकर की एंट्री एक टीवी शो आई कैन टू डेट के सेट पर हुई थी। बात 2015 की है। फरहान इस शो को होस्ट कर रहे थे, जबकि शिबानी इसकी कंटेस्टेंट थीं। शो में शिबानी के साथ गौहर खान, मंदिरा बेदी, गुरमीत चौधरी और बानी जे के साथ बाकी दूसरे सिलेब्रिटीज भी थे।

# सनी लियोनी ने बयां किया सरोगेसी का दिल दहला देने वाला दर्द



*ऐक्ट्रेस सनी लियोनी को आज भी वह दिन याद है जब उन्होंने और पति डेनियल के साथ मिलकर कम समय में 3 बच्चों के पैरेंट्स बनने का फैसला लिया था। इसके बाद उन्होंने प्लानिंग की और 3 बच्चों के पैरेंट्स बन गए। सनी लियोनी ने सरोगेसी के जरिए जुड़वां बेटों नोआ और अशर को जन्म दिया, जबकि निशा नाम की एक बच्ची गोद ली।*

सनी लियोनी ने हाल ही दिए एक इंटरव्यू में अपनी सरोगेसी के बारे में बात की और बताया कि उस दौरान वह कितने दुख व दर्द से गुजरीं। बॉलिवुड बबल को दिए इंटरव्यू में सनी लियोनी ने बताया कि उनकी सरोगेसी डेढ़–दो साल में पूरी हुई थी। एक वक्त ऐसा भी आया जब वह टूटकर बिखर गई थीं। तब उन्होंने फैसला किया था कि सरोगेसी के बजाय बच्चा गोद लेंगे।

**प्लान के मुताबिक नहीं चल रही थी सरोगेसी**

सनी लियोनी ने कहा, हम सरोगेसी के प्रोसेस से गुजर रहे थे, जिसमें लंबा वक्त लगता है। शुरुआत से लेकर अंत तक लगभग डेढ़ साल लग गया। उसी दौरान जब सरोगेसी प्लान के मुताबिक नहीं चल पा रही थी तो हमने सोचा कि क्यों न हम बच्चा गोद ले लें? हमारे पास छह एग थे, जिनमें चार लड़कियों के थे और दो लड़कों के।

**पैदा नहीं हो सकीं बच्चियां, टूट गया था दिल**

सनी लियोनी ने आगे कहा, अमेरिका में, आपको बच्चे का लिंग बता दिया जाता है और आप जेनेटिक टेस्टिंग जैसी चीजें भी कर सकते हैं। लेकिन यह सब अमेरिका में होता है, यहां नहीं। इसलिए हमने आईवीएफ किया। लेकिन जो लड़कियों वाले एग थे, वो बच नहीं पाए। उनसे बेबी पैदा नहीं हो सके। यह वास्तव में दिल तोड़ देने वाला था। आप एक असफलता की तरह महसूस करते हैं। आपको ऐसा महसूस होता है जैसे आप हार गए हैं। आप बहुत लो और अपसेट फील करते हैं। सनी बोलीं, भले ही हम जेनेटिकली कनेक्टेड नहीं होंगे, पर दिल से तो जुड़े होंगे। इस तरह अडॉप्शन की प्रक्रिया शुरू हुई।